# Solutions: Current Affairs Quiz 472

sanskritiias.com/pt-quiz-solutions/current-affairs-quiz-472

## Q1.

‘स्वच्छता सारथी फेलोशिप’ के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी शुरुआत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा की गई है।
2. यह ‘वेस्ट टू वेल्थ’ मिशन का एक हिस्सा है।
3. इसके तहत 4 श्रेणियों में फेलोशिप दी जाएगी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 2
4. 1, 2 और 3

The correct answer is: 3

Solution:

**उत्तर : (c)**
**व्याख्या :**

- भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय ने 'वेस्ट टू वेल्थ' मिशन के तहत "स्वच्छता सारथी फैलोशिप- 2022" की घोषणा की। **अतः कथन 1 सही नहीं है, जबकि कथन 2 सही है।**
- इसका उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन, अपशिष्ट जागरूकता अभियान, अपशिष्ट सर्वेक्षण आदि के सामुदायिक कार्य में संलग्न युवा नवोन्मेषकों को सशक्त बनाना है।
- इस फेलोशिप के तहत पुरस्कारों की तीन श्रेणियाँ निम्नलिखित हैं:
    - **श्रेणी-ए :** अपशिष्ट प्रबंधन सामुदायिक कार्य में संलग्न 9वीं से 12वीं कक्षा तक के स्कूली छात्रों को प्रति माह 500 रूपए 1 वर्ष की अवधि के लिये फेलोशिप के रूप में दिये जाएंगे।
    - **श्रेणी-बी :** अपशिष्ट प्रबंधन सामुदायिक कार्य में संलग्न कॉलेज के छात्रों (स्नातक, परास्नातक, शोध छात्रों) को 1,000 रूपए प्रति माह 1 वर्ष की अवधि के लिये फेलोशिप के रूप में दिये जाएंगे।
    - **श्रेणी-सी :** स्वयं सहायता समूह या स्वच्छता कार्यकर्ता इस श्रेणी में शामिल हैं। एक स्वयं सहायता समूह से अधिकतम 2 नागरिक फेलोशिप के लिये आवेदन कर सकते हैं। इन्हें 2,000 रूपए प्रति माह 1 वर्ष की अवधि के लिये फेलोशिप के रूप में दिये जाएंगे। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- इसके तहत अधिकतम फ़ेलोशिप की संख्या 500 है।
- वेस्ट टू वेल्थ मिशन- यह प्रधानमंत्री विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद् (PM-STIAC) के नौ राष्ट्रीय मिशनों में से एक है। मिशन का नेतृत्व भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) के कार्यालय द्वारा किया जाता है।

**इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।**

## Q2.

चर्चा में रहा पद 'घोस्ट आर्मी' संबंधित है:

1. यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा दुश्मन देश की सेना को गुमराह करने के लिये तैनात की गई एक सैन्य टुकड़ी थी।
2. यह इज़रायल सरकार द्वारा तैनात एक खुफ़िया इकाई है।
3. यह 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान जय प्रकाश नारायण द्वारा गठित एक क्रांतिकारी संगठन था।
4. यह चीन द्वारा भारतीय सीमा पर तैनात एक सैन्य टुकड़ी है।

The correct answer is: 1

Solution:

**उत्तर : (a)**
**व्याख्या :**

- 'घोस्ट आर्मी' द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी सैनिकों की संख्या और स्थान के बारे में दुश्मन देश के सैनिकों को गुमराह करने के लिये तैनात की गई एक सैन्य टुकड़ी थी।
- वर्ष 1944 में, इस टुकड़ी को जर्मन सैनिकों को गुमराह करने और उनके फैसलों में हेर-फेर करने के लिये एक मिशन सौंपा गया था।
- उनकी इस रणनीति में डमी टैंक, व्यक्ति, ट्रक और ध्वनि प्रभावों का उपयोग करना शामिल था।
- वर्तमान में घोस्ट आर्मी के केवल नौ जीवित पूर्व सैनिक पूरे अमेरिका में बिखरे हुए हैं।
- इसके अस्तित्व को वर्ष 1996 में समाप्त कर दिया गया था।
- हाल ही में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने "घोस्ट आर्मी कॉन्ग्रेस गोल्ड मेडल एक्ट" नामक एक बिल पर हस्ताक्षर किया, जो 'घोस्ट आर्मी' को मान्यता प्रदान करता है।
- विदित है कि, कॉन्ग्रेस गोल्ड मेडल विशिष्ट उपलब्धियों और योगदान के लिये कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रशंसा की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है।

**इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।**

## Q3.

'कैंसर मूनशॉट परियोजना' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई एक योजना है।
2. इसका लक्ष्य वर्ष 2047 तक कैंसर से होने वाली मृत्यु दर में 50% तक कमी लाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. केवल 1

2. केवल 2

3. 1 और 2 दोनों

4. न तो 1, न ही 2

The correct answer is: 2

Solution:

**उत्तर : (b)**
**व्याख्या :**

- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कैंसर चिकित्सा विज्ञान, निदान और रोगी-संचालित देखभाल में हुई प्रगति के आलोक में वर्ष 2047 तक कैंसर से होने वाली मृत्यु दर में 50% की कमी लाने के लक्ष्य प्राप्ति हेतु 'कैंसर मूनशॉट परियोजना' की घोषणा की है। **अतः कथन 1 सही नहीं है, जबकि कथन 2 सही है।**
- पहली बार 'कैंसर मूनशॉट परियोजना' की शुरुआत वर्ष 2016 में जो बाइडन द्वारा ही की गई थी, जब वह बराक ओबामा प्रशासन में उपराष्ट्रपति थे।
- इस परियोजना में में, इम्यूनोथेरेपी में सुधार, ट्यूमर की मैपिंग, रोगियों के साथ जुड़ाव, दवा प्रतिरोध को संबोधित करना, कैंसर का शीघ्र पता लगाना और कैंसर अनुसंधान का विस्तार करना शामिल है।

**इस प्रकार, विकल्प (b) सही है।**

## Q4.

---

यह भारत में गोल्डन लंगूर के आवास के रूप में ज्ञात स्थानों में से एक है। यहाँ कोच-राजबोंगशी, बोरो, गारो, राभा और गोरखा जनजातियाँ निवास करती हैं। यह एई नदी के तट पर स्थित है। यहाँ की पहाड़ियों पर एक प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। 'कालिकापत' नामक पहाड़ी झरना यहाँ से प्रवाहित होकर धान के खेतों तक पहुँचता है। इसे वर्ष 1966 में संरक्षित वन घोषित किया गया।

उपरोक्त विशेषताएँ संबंधित हैं:

1. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
2. पक्के बाघ अभयारण्य
3. काकोइजाना आरक्षित वन
4. नामदफा राष्ट्रीय उद्यान

The correct answer is: 3

Solution:

**उत्तर : (c)**
**व्याख्या :**

- काकोइजाना रिज़र्व फॉरेस्ट असम के बोंगाईगांव में स्थित है, जो गोल्डन लंगूर के ज्ञात निवास स्थानों में से एक है।
- यह राजबोंगशी, बोरो, गारो, राभा और गोरखा जनजातियों का निवास स्थान है।
- एई नदी के तट पर स्थित यह लगभग 15,000 बीघा भूमि क्षेत्र को कवर करता है। इसे 29 अप्रैल, 1966 को आरक्षित वन घोषित किया गया था।

- यहाँ "कालिकापत" नामक एक पहाड़ी झरना है, जो जंगल से प्रवाहित होकर धान के खेतों तक पहुँचता है। यहाँ एक पहाड़ी पर प्राचीन शिव मंदिर स्थित है।
- हाल ही में, असम सरकार द्वारा इसे वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का प्रस्ताव किया गया, जिसका वहाँ के स्थानीय निवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है।

**इस प्रकार, विकल्प (c) सही है।**

## Q5.

समुद्री घास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह पारिस्थितिकी तंत्र के अच्छे स्वास्थ्य के जैव-संकेतकों में से एक है।
2. यह क्षेत्र अत्यधिक उत्पादक स्थल है, जो कई महत्त्वपूर्ण मछली प्रजातियों के भोजन, प्रजनन और आश्रय स्थल के रूप में भी कार्य करता है।
3. हाल ही में, पुलिकट झील में उपस्थित समुद्री घास के क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 1 और 3
3. केवल 2 और 3
4. 1, 2 और 3

The correct answer is: 1

Solution:

**उत्तर : (a)**
**व्याख्या :**

- समुद्री घास नीले कार्बन अधिग्रहण (Blue Carbon Sequestration) के माध्यम से जल शोधन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और कार्बन को समुद्र/ नदी के तल में दबा कर रखने में मदद करते हैं।
- समुद्री घास पारिस्थितिकी तंत्र के अच्छे स्वास्थ्य के जैव-संकेतकों में से एक हैं और उनकी उपस्थिति से जल की पारदर्शिता, लवणता और पोषक तत्त्वों व जल प्रदूषण का मापन किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- समुद्री घास अत्यधिक उत्पादक स्थल होता है, जो झील की कई पारिस्थितिक और आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण मछली प्रजातियों के भोजन, प्रजनन और आश्रय स्थल के रूप में भी कार्य करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- हाल ही में, चिल्का विकास प्राधिकरण के जारी सर्वेक्षण में चिल्का झील में उपस्थित समुद्री घास के क्षेत्र में 33% की वृद्धि दर्ज की गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**इस प्रकार, विकल्प (a) सही है।**